कार्यालय, प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
हकीम सैयद ज़ियाउल हसन,शासकीय(स्वशासी)यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय
(कोलार–नेहरू नगर बायपास रोड, मेनिट के पीछे,भोपाल 462003)
Web: www.gumcbhopal.in E.mail: unani.clgbpl.mp@mp.gov.in दूरभाष क्रं. –0755–2970354

## (सत्र 2025–26 हेतु लांड्री सर्विसेस की ई–निविदा के नियम एवं शर्ते)

हकीम सैयद ज़ियाउल हसन शासकीय (स्वशासी) यूनानी महाविद्यालय भोपाल के चिकित्सालय हेतु लांड्री सर्विसेस उपलब्ध कराने हेतु (वर्ष 2025–26) ई–निविदा प्रक्रिया के अंतर्गत निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जोकि https://mptenders.gov.in पर निर्धारित समयावधि में उपलब्ध है। निविदा प्रस्तुत करने के नियम निर्देश एवं शर्ते महाविद्यालय की वेबसाइट www.gumcbhopal.in पर भी प्रदर्शित हैं।

1. ई–निविदा प्रपत्र प्राप्त करने एवं जमा करने की अंतिम तिथि ~~11.06.2025~~ 01/09/2025 को सांय 05.00 बजे एवं खोले जाने की अंतिम तिथि दिनांक ~~16.06.2025~~ 03/09/25 दोपहर 12.00 बजे है।
2. ई–निविदा बिड दस्तावेज हस्तांतरणीय नहीं हैं।
3. इच्छुक ई–निविदाकर्ता ऑनलाइन mptenders.gov.in से ई–निविदा राशि रू. 1000/– का भुगतान कर ई–निविदा प्राप्त कर सकते हैं, जिसको mptenders.gov.in पर तकनीकी एवं वित्तीय निविदा पृथक–पृथक ऑनलाईन सबमिट की जाना है।
4. ई.एम.डी.राशि रूपये 1000.00 (रूपये दो हजार) मात्र जिसे ई–पेमेन्ट के माध्यम से mptenders.gov.in पर tender सबमिट करते समय पेमेन्ट करना होगा। ई.एम.डी. राशि सफल निविदाकार को अनुबंध होने पर नियमानुसार वापस की जावेगी, शेष निविदाकारों की ई.एम.डी.राशि mptenders.gov.in के माध्यम से लौटा दी जावेगी। सफल निविदाकार को निष्पादन प्रतिभूति राशि (3 प्रतिशत लगभग राशि रूपये 1500.00) बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से महाविद्यालय में जमा करना होगी। निष्पादन प्रतिपूर्ति राशि बिना ब्याज के अनुबंध समाप्त होने परं वापस लौटा दी जावेगी। म.प्र. के लघु उद्यम तथा स्टॉटअप को ई.एम.डी.राशि के भुगतान में छूट रहेगी। ई.एम.डी.राशि छूट प्राप्त करने हेतु आवश्यक दस्तावेज ई–निविदा में अपलोड करना अनिवार्य है।
5. अनुबंधित फर्म को धुलाई योग्य कपडे समय–सारणी अनुसार संस्थान चिकित्सालय से प्राप्त कर धुले हुये कपड़े प्रेस पश्चात ही वापस प्रदाय करने होंगे व कपड़े धोने वाला साबुन व पाउडर उच्च गुणवत्ता का होना अनिवार्य है। इस हेतु कोई भाड़ा/हम्माली पृथक से देय नहीं होगी।
6. वित्तीय निविदा प्रपत्र–02 अनुसार दरें https://mptenders.gov.in पर ई–निविदा की एक्सल शीट BOQ में ही अंकित करना है।

21/5/25 21/5/25 21/5/25

Scanned with CamScanner

7. सेवा उपार्जन को व्यवहारिक एवं आसान किये जाने हेतु ई वित्तीय निविदा का प्रपत्र –02 अनुसार सामग्री की दरों में सकल (Aggregate) दर अनुसार एल–1 को निर्धारित किया जा सकेगा।

8. कार्य की गुणवत्ता संबंधी प्रमाणीकरण चिकित्सालय के अधीक्षक के द्वारा मान्य होने के पश्चात् ही भुगतान की कार्यवाही की जावेगी।

9. किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर तथा नियम शर्तों का पालन न करने पर अथवा सन्तोषजनक सेवा न पाये जाने पर अनुबंध तत्काल निरस्त कर दिये जावेगें एवं सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित फर्म की होगी। ऐसी स्थिति में जमा निष्पादन प्रतिभूति की राशि राजसात कर ली जावेगी, तथा संबंधित फर्म पर ब्लैक लिस्टिंग की कार्यवाही की जावेगी, एवं सम्बंधित कार्य हेतु एल–02 फर्म से अनुबंध किया जायेगा।

10. सफल निविदाकार से किया गया अनुबंध 01 वर्ष की अवधि तक के लिये मान्य होगा। दोनों पक्षों की सहमति से समान शर्तो एवं दरों पर अनुबंध अवधि में आगामी वर्ष (अधिकतम 01 वर्ष) हेतु वृद्धि की जा सकेगी।

11. ई–निविदा स्वीकार होने पर सफल निविदाकार को एक अनुबंध राशि रूपये 100.00 (रूपये एक सौ) मात्र के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर नोटरी कर प्रस्तुत करना अनिवार्य है। जिसका व्यय निविदाकार को वहन करना होगा।

12. निविदाकर्ता फर्म का प्लांट भोपाल नगर निगम सीमा में स्थापित होना एवं कार्य सम्बंधी गुमास्ता तकनीकी निविदा के अभिलेखों के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा।

13. निविदाकर्ता के पास म.प्र.पाल्यूशन कंट्रोल बोर्ड द्वारा जारी वैद्य प्राधिकार पत्र होना चाहिए,जिसकी प्रतिलिपि तकनीकी निविदा के अभिलेखों के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा।

14. निविदाकर्ता के पास स्वयं अथवा फर्म का पैन नंबर होना चाहिये जिसकी प्रतिलिपि तकनीकी निविदा के अभिलेखों के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा।

15. निविदाकर्ता के पास जी.एस.टी. नम्बर होना आवश्यक है जिसकी प्रतिलिपि तकनीकी निविदा के अभिलेखों के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा।

16. निविदाकर्ता फर्म के पास शासकीय/निजी चिकित्सालयों में लान्ड्री सर्विसेज के कार्य का अनुभव होना चाहियें, जिसकी प्रतिलिपि तकनीकी निविदा के अभिलेखों के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा।

17. निविदाकर्ता द्वारा कार्यादेश का कुछ भाग या पूर्ण भाग अन्य किसी ठेकेदार/व्यक्ति को नहीं सौंपेगा यदि किसी निविदाकर्ता द्वारा किसी अन्य फर्म/व्यक्ति को कार्य सौंपा जाता है, या कार्य कराता पाया जाता है तो उसका अनुबंध समाप्त कर दिया जायेगा एवं शेष अवधि का कार्य हेतु एल–02 फर्म से अनुबंध किया जायेगा।

18. आवेदनकर्ता फर्म प्रदेश के किसी भी शासकीय संस्था से ब्लैक लिस्टेड नहीं होनी चाहिए। यदि जानकारी प्राप्त होती है, तो निष्पादन प्रतिभूति राशि राजसात कर संबंधित फर्म की निविदा/अनुबंध निरस्त कर दिया जावेगा। ब्लैक लिस्टेड न होने का

17/04/25 17/04/2025 17/4/25

शपथ पत्र राशि रू. 100.00 (रूपये एक सौ) मात्र के नॉन ज्युडीशियल स्टांप पर नोटराइज कराकर तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

19. ई–निविदा खोलते समय निविदाकर्ता अथवा उनके प्रतिनिधि (अधिकृत पत्र प्रस्तुत करने पर) शामिल हो सकते हैं।

20. ई–निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का सम्पूर्ण अधिकार प्रधानाचार्य को होगा, जो सभी को मान्य एवं बंधनकारी होगा।

21. किसी भी विवाद की स्थिति में प्रधानाचार्य का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा, इसका पालन करना होगा।

22. ई–तकनीकी निविदा में जो दस्तावेज अपलोड किये हैं, उन दस्तावेजो की सत्यापित प्रति का 01 सेट ई–तकनीकी निविदा खोलते समय उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

23. अन्य कोई शर्त आवश्यकता पड़ने पर मान्य करना होगी।

24. ई–तकनीकी निविदा का विश्लेषण करते समय केवल वांछित दस्तावेजों (चैक लिस्ट के अनुसार) को ही विचार क्षेत्र में लिया जावेगा।

25. किसी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा।

प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
हकीम सैयद ज़ियाउल हसन
शासकीय(स्वशासी) यूनानी चिकित्सा
महाविद्यालय,भोपाल।

Scanned with OKEN Scanner

म सैयद ज़ियाउल हसन,शासकीय(स्वशासी) यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल

(चिकित्सालय हेतु लांड्री सर्विसेस उपलब्ध कराने हेतु निविदा का प्रारूप वर्ष 2023–24 )

(ई–वित्तीय निविदा का प्रपत्र–02)

| S.No | Name of the item | Quantity | Rate |
|---|---|---|---|
| 1. | बेड शीट | प्रति नग | |
| 2. | डॉक्टर गाउन | प्रति नग | |
| 3. | रोगी गाउन | प्रति नग | |
| 4. | दरवाजे का पर्दा | प्रति नग | |
| 5. | खिड़की का पर्दा | प्रति नग | |
| 6. | मच्छरदानी | प्रति नग | |
| 7. | स्क्रीन कर्टन | प्रति नग | |
| 8. | टॉवेल बड़ा (रूएदार) | प्रति नग | |
| 9. | टॉवेल छोटा (रूएदार) | प्रति नग | |
| 10. | होल शीट | प्रति नग | |
| 11. | टेबल क्लाथ | प्रति नग | |
| 12. | दरी | प्रति नग | |
| 13. | ब्लेंकेट | प्रति नग | |
| 14. | वुलन ब्लेंकेट | प्रति नग | |
| 15. | तकिये का कवर | प्रति नग | |
| 16. | नेपकीन | प्रति नग | |
| 17. | सर्जिकल कैप | प्रति नग | |
| 18. | सर्जिकल मास्क | प्रति नग | |
| 19. | कार सीट कवर व्हाईट | प्रति नग | |

नोट–उक्त प्रपत्र प्रारूप मात्र है इस प्रपत्र के अनुसार दर राशि को ई–वित्तीय निविदा ऑनलाइन www.mptender.gov.in पर वित्तीय निविदा की एक्सल शीट BOQ में ही दर्ज करना है।

17/4/25 17/4/2025 17/4/25

Scanned with OKEN Scanner

# //शपथ –पत्र //

मैं ..........................................................................पिता श्री........................ ...................................निवासी ........................................................................ ......................................................उम्र ............ वर्ष शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि उपरोक्त महाविद्यालय से सम्बद्ध चिकित्सालय की लांड्री सर्विस (वर्ष 2025–26) हेतु निविदा में दी गई समस्त शर्तो का पूर्ण होश–हवास में अध्ययन कर लिया है जिसकी समस्त शर्ते मुझे मान्य है। एवं मेरे द्वांरा प्रस्तुत समस्त दस्तावेज वैधानिक है एवं किसी भी शासकीय संस्था द्वारा मेरी फर्म को ब्लैक लिस्टेड नहीं किया गया है। निविदा की शर्तो का पालन नही करने एवं मेरे द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज त्रुटिपूर्ण पाये जाने की स्थिति में यदि मेरी निविदा/अनुबंध निरस्त की जाती है, तो मुझे किसी प्रकार की आपत्ति नही होगी।

साक्षी के हस्ताक्षर ................................ निविदाकर्ता के हस्ताक्षर ..................................

साक्षी का नाम ....................................... निविदाकर्ता का नाम ...........................................

मोबाईल नंबर ........................................ मोबाईल नंबर ........................................................

नोट :– उक्त शपथ पत्र राशि रु 100.00 (रूपये एक सौ मात्र) के नॉन ज्युडीशियल स्टांप पर नोटराइज कराकर तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

17/5/25

17/5/2025

17/5/25

Scanned with OKEN Scanner

# //चैक–लिस्ट//

उपरोक्त वर्णित नियम शर्तो अनुसार निम्न दस्तावेजो को तकनीकी निविदा प्रपत्र 01 अनुसार सबमिट करते समय आवश्यक रुप से संलग्न किया जाना है :–

| क | दस्तावेज का नाम | संलग्न हॉ/नहीं |
|---|---|---|
| 01 | जीवित गुमास्ता संबधित कार्य का होना आवश्यक है जिसकी छाया प्रति | |
| 02 | पैन कार्ड की छाया प्रति | |
| 03 | जी.एस.टी.पंजीयन पत्र की प्रति (जी.एस.टी.जमा सम्बंधी विगत 02 वित्तीय वर्षो का ऑनलाईन पत्रक तकनीकी निविदा के दस्तावेजों के साथ संलग्न करना अनिवार्य है) | |
| 04 | निविदाकर्ता फर्म का वित्तीय वर्ष 2023–24 का टर्न ओवर न्यूनतम 05 लाख होना आवश्यक है जिसके साक्ष्य के रुप में विगत तीन वित्तीय वर्षो की आयकर विवरणी | |
| 05 | प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड का वैद्य एवं जीवित लायसेंस/प्रमाण पत्र | |
| 06 | ई.एम.डी.जमा राशि की रसीद (प्रधानाचार्य हकीम सैयद ज़ियाउल हसन शासकीय/स्वशासी यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल के नाम से) | |
| 07 | निविदाकार फर्म किसी शासकीय/अशासकीय/अर्धशासकीय संस्था द्वारा ब्लैक लिस्ट नही होना चाहिऐ इस हेतु शपथ पत्र की प्रति | |
| 08 | प्रपत्र–03 अनुसार शपथ पत्र की प्रति | |

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर ..............................

निविदाकर्ता का नाम ..............................

मोबाइल नं0 ..............................

नोट :–चैक लिस्ट के सरल क–01 से 08 तक के अभिलेखों के आधार पर ही तकनीकी निविदा का विश्लेषण किया जावेगा इन्ही अभिलेखों के आधार पर तकनीकी निविदा मान्य/अमान्य की जायेगी इनके अतिरिक्त किन्ही अन्य अभिलेखों को विचार क्षेत्र में नहीं लिया जावेगा ।

17/04/25 17/04/2025 17/4/25

Scanned with OKEN Scanner